# रेरा से निबंधन के बिना 10 प्रोजेक्ट का काम करा रहे बिल्डर, सैटेलाइट फोटो से पकड़ाए

## नवीनतम तकनीक से नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान

**पटना** | नियमों का उल्लंघन करने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई करने के लिए भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर रहा है। रेरा ने पहले चरण में 10 ऐसे प्रोजेक्ट की पहचान की है, जिनका काम बिना निबंधन के ही शुरू कर दिया गया। इन प्रोजेक्ट का सेटेलाइट चित्र प्राप्त हुआ है, जिसमें फ्लैट निर्माण साफ-साफ दिखाई दे रहा है। ये प्रोजेक्ट पटना जिले के आनंदपुर, अख्तियारपुर, राजपुर, शिवाला, हथिया कंध, उसरी, रानीपुर, बिहटा, रूपसपुर, आदमपुर और दानापुर में स्थित हैं। ऐसे प्रोजेक्ट की पहचान के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग के वैज्ञानिक भवेश कुमार की पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया। इसमें दिखाया गया कि कैसे नवीनतम तकनीक का उपयोग कर रेरा वैसे बिल्डरों के विषय में सूचना प्राप्त कर सकता है, जो बिना निबंधन कराए फ्लैट अथवा प्लॉट की बिक्री कर रहे हैं। नवीनतम तकनीक के इस्तेमाल से पहले रेरा द्वारा गठित तकनीकी दलों को विभिन्न स्थलों पर भेजा गया था, जहां पर पहले परियोजनाओं के निबंधन के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। लेकिन अहर्ता पूरी नहीं होने के कारण आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया था। इन दलों को यह पता लगाने के लिए भेजा गया था कि बिना निबंधन के बिल्डर प्रोजेक्ट बना रहे हैं या नहीं? टीम को इस दौरान बड़ी जानकारी मिली। ऐसे 62